INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# RSSB

# LDC

## लिपिक ग्रेड – II एवं कनिष्ठ सहायक

### भाग – 4

## इतिहास + संस्कृति (राजस्थान)

# <u>प्रस्तावना</u>

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स* ***"RSSB LDC (लिपिक ग्रेड-II एवं कनिष्ठ सहायक)"*** *को एक विभिन्न अपने - अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है। ये नोट्स पाठकों को* ***राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB)*** *द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा* ***"LDC (लिपिक ग्रेड-II एवं कनिष्ठ सहायक)"*** *में पूर्ण संभव मदद करेंगे।*

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स मे कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है। अतः आप सूची पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं।***

**प्रकाशकः**

***INFUSION NOTES***

*जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)*

*मो : 9887809083*

*ईमेल : contact@infusionnotes.com*

*वेबसाइट : https://www.infusionnotes.com*

**WhatsApp -** https://wa.link/lrn74q

**Online Order -** http://surl.li/rbhbb

**मूल्य : (₹)**

**संस्करण : नवीनतम**

| क्र. सं. | अध्याय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| | राजस्थान का इतिहास | |
| 1. | राजस्थान इतिहास के स्रोत | 1 |
| 2. | प्रमुख राजवंशों के महत्वपूर्ण शासक | 19 |
| 3. | मध्यकालीन राजस्थान में प्रशासनिक तथा राजस्व व्यवस्था | 74 |
| 4. | आधुनिक राजस्थान | 88 |
| 5. | राजस्थान में राजनैतिक जागरण | 103 |
| 6. | राजस्थान में किसान एवं जनजाति आंदोलन | 108 |
| 7. | विभिन्न देशी रियासतों में प्रजामण्डल आंदोलन | 117 |
| 8. | राजस्थान का एकीकरण | 129 |
| | कला संस्कृति | |
| 1. | राजस्थानी साहित्य की महत्वपूर्ण कृतियाँ एवं क्षेत्रीय बोलियाँ | 134 |
| 2. | मेले एवं त्यौहार | 145 |
| 3. | लोक संगीत एवं लोक नृत्य | 157 |
| 4. | राजस्थानी संस्कृति, परम्परा एवं विरासत | 177 |
| 5. | वेशभूषा एवं आभूषण | 182 |
| 6. | राजस्थान के धार्मिक आंदोलन | 184 |
| 7. | लोक देवियाँ एवं लोक देवता | 192 |
| 8. | स्थापत्य कला की प्रमुख विशेषताएं | 202 |

# राजस्थान का इतिहास

## अध्याय – 1

## राजस्थान इतिहास के स्रोत

**परिचय -**

सामान्यतः इतिहासकार द्वारा अतीत की घटनाओं का गहन अध्ययन करके मानवीय मस्तिष्क को समझना ही इतिहास है।

इतिहास का जनक हेरोडोटस को कहा जाता है वे एक इतिहासकार थे।

**इतिहास का अध्ययन : -**

इतिहास का अध्ययन करने के लिए इसको तीन भागों में विभाजित किया जाता है -

1. प्रागैतिहासिक काल
2. आद्य ऐतिहासिक काल
3. ऐतिहासिक काल

**1. प्रागैतिहासिक काल -**

वह काल जिसमें कोई भी लिखित स्रोत नहीं मिला अर्थात् सभ्यता और संस्कृति का वह युग जिसमें मानव की उत्पत्ति मानी जाती है। मानव की उत्पत्ति प्रागैतिहासिक काल से ही हुई है।

**2. आद्य ऐतिहासिक काल –**

आद्य ऐतिहासिक काल वह काल होता है जिसके लिखित स्रोत मिले लेकिन उसको पढ़ा नहीं जा सका जैसे – सिंधु घाटी सभ्यता उसमें जो भाषा थी उसको आज तक पढ़ा नहीं गया है इसलिए इस सभ्यता को आद्य ऐतिहासिक काल की श्रेणी में रखते हैं । इस काल की लिपि को सर्पीलाकार लिपि कहते हैं क्योंकि सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि दाईं से बाईं ओर लिखी जाती थी । इस लिपि को गोमूत्र लिपि एवं "बूस्टोफिदन" लिपि के नाम से भी जानते हैं । इसी प्रकार ईरान और इराक की मेसोपोटामिया की सभ्यता इसी काल की है। राजस्थान में इस काल की सभ्यता में कालीबंगा की सभ्यता देखने को मिलती है अर्थात् कालीबंगा की सभ्यता इसी काल की सभ्यता है।

**3. ऐतिहासिक काल**

ऐतिहासिक काल वह काल होता है । जिसमें लिखित स्रोत मिले और उनको पढ़ा भी जा सका जैसे वैदिक काल जिसमें वेदों की रचना हुई थी। और उनको पढ़ा भी जा सकता है।

प्राचीन इतिहास के स्रोत – पुरातात्विक एवं साहित्यिक स्रोत।

- **राजस्थान इतिहास को जानने के स्रोत :-**

  इतिहास का शाब्दिक अर्थ है – "ऐसा निश्चित रूप से हुआ है"। इतिहास के जनक यूनान के हेरोडोटस को माना जाता है लगभग 2500 वर्ष पूर्व उन्होंने " हिस्टोरिका" नामक ग्रन्थ की रचना की । इस ग्रन्थ में उन्होंने भारत का उल्लेख भी किया है ।

  भारतीय इतिहास के जनक मेगस्थनीज माने जाते हैं ।

  महाभारत के लेखक "वेदव्यास" माने जाते हैं। महाभारत का प्राचीन नाम "जय संहिता" था।

- राजस्थान इतिहास के जनक "कर्नल जेम्स टॉड" कहे जाते हैं । वे 1818 से 1821 के मध्य **मेवाड़ (उदयपुर) प्रान्त के पॉलिटिकल** एजेंट थे उन्होंने घोड़े पर घूम-घूम कर

| |
|---|
| हेरोडोटस (मृत्यु 425 ई. पू.), यूनान के प्रथम इतिहासकार एवं भूगोलवेत्ता थे। उन्होंने अपने इतिहास का विषय पेलोपोनेसियन युद्ध को बनाया था। उनके द्वारा लिखित पुस्तक हिस्टोरिका थी। |

राजस्थान के इतिहास को लिखा। अतः कर्नल टॉड को **"घोड़े वाले बाबा"** कहा जाता है। इन्होंने "एनल्स एण्ड एंटीक्विटीज ऑफ राजस्थान" नामक पुस्तकालय का लन्दन में 1829 में प्रकाशन करवाया।

- गौरीशंकर हीराचन्द ओझा (जी.एच. ओझा) ने इसका सर्वप्रथम हिन्दी में अनुवाद करवाया। इस पुस्तक का दूसरा नाम "सेंट्रल एण्ड वेस्टर्न राजपूत स्टेट्स ऑफ इंडिया" है।
- कर्नल जेम्स टॉड की एक अन्य पुस्तक "ट्रेवल इन वेस्टर्न इण्डिया" का इसकी मृत्यु के 1837 में उनकी पत्नी ने प्रकाशन करवाया।
- अभिलेख एवं प्रशस्तियाँ को पत्थर या धातु की सतह पर उकेरे गए लेखों को अभिलेख में सम्मिलित किया जाता है।
- अभिलेखों में शिलालेख, स्तम्भ लेख, मूर्ति लेख, गुहा लेख आदि को सम्मिलित किया जाता है ।
- तिथि युक्त एवं समसामयिकी होने के कारण पुरातात्विक स्रोतों के अन्तर्गत अभिलेख सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है।
- प्रारम्भिक अभिलेखों की भाषा संस्कृत थी जबकि मध्यकाल में इनमें उर्दू, फारसी व राजस्थानी भाषा का प्रयोग भी हुआ।
- अभिलेखों के अध्ययन को **एपिग्राफी** कहा जाता है।
- भारत में प्राचीनतम अभिलेख सम्राट अशोक मौर्य के हैं जिनकी **भाषा प्राकृत एवं मगधी तथा लिपि ब्राह्मी मिलती है।**
- शक शासक रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख भारत का पहला संस्कृत अभिलेख है।
- राजस्थान के अभिलेखों की मुख्य भाषा संस्कृत एवं राजस्थानी है तथा इनकी लिपि महाजनी एवं हर्ष लिपि है।
- फारसी भाषा मे लिखा सबसे पुराना लेख अजमेर के अढ़ाई दिन के झोंपड़े की दीवार के पीछे लिखा हुआ मिला है। यह लेख लगभग 1200 ई. का है।

**अशोक के अभिलेख :-**

- मौर्य सम्राट अशोक के दो अभिलेख भाब्रू अभिलेख तथा बैराठ अभिलेख बैराठ की पहाड़ी (कोटपूतली-बहरोड़) से मिले है।
- भाब्रू अभिलेख की खोज कैप्टेन बर्ट द्वारा बीजक की पहाड़ी से की गई। इस अभिलेख से अशोक के बौद्ध धर्म के अनुयायी होने तथा राजस्थान में मौर्य शासन होने की जानकारी मिलती है।
- अशोक का भाब्रू अभिलेख वर्तमान में **कलकत्ता संग्रहालय** में सुरक्षित है।

**बड़ली का अभिलेख :-**

- यह राजस्थान का सबसे **प्राचीनतम अभिलेख** है। ४४३ ई. पूर्व का यह अभिलेख **केकड़ी जिले** की भिनाय तहसील के **बड़ली गाँव** के भिलोत माता मंदिर से पं. गौरीशंकर हीराचन्द ओझा को प्राप्त हुआ।
- वर्तमान में यह **अजमेर संग्रहालय में सुरक्षित है।**

**बसंतगढ़ अभिलेख (625 ई.):-**

- राजा वर्मलात के समय का यह अभिलेख बसंतगढ़ (सिरोही) से प्राप्त हुआ है।
- इससे अर्बुदांचल के राजा राज्जिल तथा उसके पुत्र सत्यदेव के बारे में जानकारी मिलती है।
- इसका लेखक द्विजन्मा तथा उत्कीर्णकर्ता नागमुण्डी था।
- दधिमति माता अभिलेख के बाद यह पश्चिमी राजस्थान का सबसे प्राचीन अभिलेख है।
- इस अभिलेख में सामन्त प्रथा का उल्लेख मिलता है।
- शिलालेख में मेवाड़ के गुहिल वंश शासक शिलादित्य का उल्लेख है ।

**मानमोरी का अभिलेख :-**

- 713 ई. का यह अभिलेख मानसरोवर झील (चित्तौड़गढ़) के तट पर उत्कीर्ण है।
- इस अभिलेख में इसके **रचयिता पुष्य** तथा उत्कीर्णकर्ता शिवादित्य का उल्लेख है।
- इस अभिलेख से चित्तौड़गढ़ दुर्ग का निर्माण करने वाले चित्रांग (चित्रांगद) के बारे में जानकारी मिलती है।
- राजा भोज के पुत्र मान द्वारा मानसरोवर झील के निर्माण करवाये जाने का उल्लेख भी इसमें मिलता है।
- यह अभिलेख कर्नल जेम्स टॉड द्वारा इंग्लैण्ड ले जाते समय समुद्र में फेंक दिया गया था।
- इस अभिलेख में '**अमृत मंथन**' का उल्लेख मिलता है।
- इस अभिलेख में चार मौर्य शासकों **(महेश्वर, भीम, भोज एवं मान)** के बारे में जानकारी मिलती है।

**मण्डौर अभिलेख :-**

- जोधपुर के मंडोर में स्थित 837 ई. के इस अभिलेख में गुर्जर-प्रतिहार शासकों की वंशावली विष्णु तथा शिव पूजा का उल्लेख किया गया है। इस अभिलेख की रचना गुर्जर-प्रतिहार शासक बाउक द्वारा करवाई गई थी।

**प्रतापगढ़ अभिलेख (९४६ ई.):-**

- प्रतापगढ़ में स्थित इस अभिलेख में गुर्जर प्रतिहार शासक महेन्द्रपाल की उपलब्धियों का वर्णन किया गया है।

**बड़वा अभिलेख (238 – 239 ई.) :-**

- यह बड़वा (अंता तहसील, बारां जिला) में स्तम्भ पर उत्कीर्ण मौखरी वंश के शासकों का सबसे प्राचीन अभिलेख है। संस्कृत भाषा में लिखित इस अभिलेख से मौखरी शासकों बल, सोमदेव, बलसिंह आदि की उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त होती है।
- यह 3 यूप पर खुदा हुआ है ।

**कणसवा का अभिलेख :-**

- 738 ई. का यह अभिलेख कोटा के निकट कणसवा गाँव में उत्कीर्ण है जिसमें मौर्य वंश के राजा धवल का उल्लेख मिलता है।
- **राजा धवल को अंतिम मौर्य वंशी राजा माना जाता है ।**

**आदिवराह मंदिर का अभिलेख :-**

- ९४४ ई. का यह लेख उदयपुर के आदिवराह मंदिर से प्राप्त हुआ है जो संस्कृत में ब्राह्मी लिपि में उत्कीर्ण है।
- यह लेख मेवाड़ के शासक भर्तृहरि द्वितीय के समय का है।
- इसके अनुसार आहड़ एक धर्म स्थल के रूप में प्रसिद्ध था।

**सुण्डा पर्वत अभिलेख :-**

- जालौर स्थित सुण्डा पर्वत का यह अभिलेख चौहान शासक **चोचिंगदेव** के समय का है जिससे इसकी उपलब्धियों तथा शासन के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

**अचलेश्वर का अभिलेख (1285 ई.) :-**

- यह अभिलेख संस्कृत भाषा में अचलेश्वर मंदिर के पास दीवार पर उत्कीर्ण है इसके रचयिता शुभचंद्र तथा उत्कीर्णकर्ता कर्मसिंह थे।
- इस अभिलेख में '**बापा**' से '**महाराणा समरसिंह**' तक की वंशावली का उल्लेख है।
- इसमें हारीत ऋषि की तपस्या तथा उनके आशीर्वाद से बापा को राज्य प्राप्ति का उल्लेख है।

**किराडू का लेख :-**

- 1161 ई. का यह लेख किराडू के शिव मंदिर में उत्कीर्ण है जिसकी भाषा संस्कृत है।
- इस लेख में परमारों की उत्पत्ति ऋषि वशिष्ठ के आबू यज्ञ से बतायी गई है।
- इस प्रशस्ति में किराडू की परमार शाखा का वंशक्रम दिया गया है।

- नयनचन्द्र सूरी द्वारा 14 सर्गों में लिखी हम्मीर महाकाव्य ग्रंथ में रणथम्भौर के चौहान शाखा के राजपूत राजाओं का लिपिबद्ध वर्णन मिलता है।
- अन्य जैन साहित्यों में **मेरुतुंग का प्रबंध चिंतामणि**, हेमरत्न सूरि का यमकुमार चौपाई, भाहुक का हरिमेखला, श्रीधर व्यास का पार्श्वनाथ चरित, हरिभद्र सूरि का समराइच्छ कथा, धुर्ताख्यान, यशोधर चरित, राजशेखर का प्रबंधकोष, **उद्योत्तन सूरि का कुवलयमाला,** हेमचन्द्र सूरि का देशीनाममाला, जयसिंह सूरि का कुमारपाल चरित, धर्मोदेशमाला आदि प्रमुख हैं ।

4. **फारसी साहित्य :-**

**प्रमुख फारसी साहित्य**

| क्र.सं. | साहित्यिक रचना | रचनाकार | वर्णन |
|---|---|---|---|
| 1. | तबकाते नासिरी | काजी मिनहाज-उस-सिराज | • यह पुस्तक जालौर एवं नागौर में मुस्लिम शासन के बारे में जानकारी प्रदान करती है । |
| 2. | ताज-उल-मासिर | हसन निजामी | • इस ग्रंथ से अजमेर नगर की समृद्धि एवं मुस्लिम आक्रमण से होने वाली बर्बादी का पता चलता है। |
| 3. | तारीखे-ए-फिरोजशाही | जियाउद्दीन बरनी | • इस ग्रंथ से हमें रणथम्भौर एवं उस पर होने वाले आक्रमण की जानकारी मिलती है। |
| 4. | खजाईनुल-फुतुह<br>(i) मुरात-उल-कमाल<br>(ii) देवल रानी | अमीर खुसरो | • इस ग्रंथ से अलाउद्दीन खिलजी के चित्तौड़ व रणथम्भौर आक्रमण की जानकारी मिलती है। |
| 5. | तारीख-ए-मुबारकशाही | याहया-बिन-अहमद-अब्दुलशाह –सर हिन्दी | |
| 6. | तुजुक-ए-बाबरी (बाबरनामा) | बाबर की आत्मकथा | (i) तुर्की भाषा में लिखित<br>(ii) इसमें पानीपत के प्रथम युद्ध एवं खानवा युद्ध की जानकारी मिलती है। |
| 7. | हुमायूँनामा | गुलबदन बेगम (हुमायूँ की बहन) | • इस ग्रंथ से हुमायूँ के मेवाड़ एवं मारवाड़ शासकों के साथ संबंधों एवं शेरशाह सूरी से परास्त होने की जानकारी मिलती है। |
| 8. | अकबरनामा | अबुल फजल | • इस ग्रंथ से राजस्थान के मेवाड़, कोटा, जयपुर, सांभर, अजमेर आदि नगरों में अकबर द्वारा करवाये गये कार्य एवं अकबर के साथ राजपूत राजकुमारियों के विवाह की जानकारी मिलती है। |
| 9. | आईने-ए-अकबरी | अबुल फजल | • इस ग्रंथ से राजस्थानी वेशभूषा एवं वस्त्रों के नाम एवं राजस्थान में मनाये जाने वाले त्योहारों एवं मुद्राओं के बारे में जानकारी मिलती है। |
| 10. | मुन्तखब-उत-तवारीख | अब्दुल कादिर बदाँयूनी | • इस ग्रंथ में हल्दीघाटी युद्ध का सजीव वर्णन मिलता है। इस ग्रंथ से हमें **हरकू / हरका बाई** का विवाह अकबर के साथ होने का, जौहर प्रथा एवं रक्षाबंधन पर्व का वर्णन मिलता है। |
| 11. | तारीख-ए-शेरशाही | अब्बास खाँ सरवानी | • मालदेव एवं शेरशाह के मध्य हुए गिरि-सुमेल युद्ध में लेखक स्वयं मौजूद था। |
| 12. | इकबालनामा | मोतमिद खाँ | • इस ग्रंथ में शाहजहाँ द्वारा मेवाड़ में की गई हत्याओं एवं आर्थिक बर्बादी की जानकारी मिलती है। |
| 13. | शाहजहाँ नामा | इनायत खाँ | • इस ग्रंथ में मुग़ल मेवाड़ संधि की जानकारी मिलती है। |
| 14. | तारीख-ए-राजस्थान | कालीराम कायस्थ (अजमेर) | • इस ग्रंथ को **'नसबुल अनसाब'** के नाम से भी जाना जाता है। |
| 15. | तबकात-ए-अकबरी | निजामुद्दीन अहमद | • यह ग्रंथ शेरशाह की सेना के टुकड़ी के नागौर पहुँचने की जानकारी प्रदान करता है । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16. | फतूहात-ए-आलमगीरी | ईसरदास नागर | • इस ग्रंथ से **दुर्गादास राठौड़** की कूटनीतिज्ञता का पता चलता है । |
| 17. | तुजुक-ए-जहाँगीरी | जहाँगीर | • यह जहाँगीर की आत्मकथा है जिसमें आमेर के राजा भगवन्तदास का नाम भगवानदास लिखा है। |
| 18. | तजकिरात-उल-वाकेयात | जौहर आफतावची | |
| 19. | तारीख-ए-रशीदी | मिर्जा हैदर दोगलत | |
| 20. | पादशाहनामा | अब्दुल हमीद लाहौरी | |
| 21. | आलमगीरनामा | मोहम्मद काजिम | |
| 22. | मुनव्वर-ए-कलाम | **शिवदास** | |

**पुरालेखीय स्रोत :**

इन स्रोतों में शासकीय एवं अर्द्धशासकीय आदेश, पत्र, हिसाब, बहियाँ आदि प्रशासनिक कार्यों से जुड़ी लिखित सामग्री के साथ-साथ गैर प्रशासनिक संस्थाओं एवं व्यक्तिगत दस्तावेजों का समावेश शामिल है।

राजस्थान में पुरालेख सामग्री तीन भाषाओं में लिपिबद्ध मिलती हैं :- 1. फारसी 2. राजस्थानी एवं हिन्दी 3. अंग्रेजी

फारसी भाषा में लिपिबद्ध पुरालेख स्रोत फरमान, मंसूर, रुक्का, निशान, हस्बुल, वकील रिपोर्ट, इंश, रुक्केयात आदि के रूप में मिलते हैं ।

**(i) फरमान** :- बादशाहों द्वारा जारी होने वाले शाही आदेश।

**(ii) हस्बुल हकम** :- शाही परिवार के किसी सदस्य या सरदार द्वारा प्रेषित किए जाने वाले आदेश जिसमें किसी व्यक्ति को कोई स्वीकृति दी जाती थी तथा जिसमें बादशाह की सहमति होती थी ।

**(iii) परवाना** :- महाराजा द्वारा अपने अधीनस्थ को जारी किए जाने वाले आदेश ।

**(iv) निशान** :- बादशाह के परिवार के किसी सदस्य द्वारा मनसबदार को अपनी मोहर के साथ जारी किए जाने वाले आदेश ।

**(v) खरीता** :- एक राजा द्वारा दूसरे राजा के साथ किया जाने वाला पत्र व्यवहार ।

**(vi) रुक्का** :- राज्य के अधिकारियों के मध्य पत्र व्यवहार। यह निजी पत्र व्यवहार था ।

**(vii) मंसूर** :- एक प्रकार का शाही आदेश जो बादशाह की मौजूदगी में शाहजादे द्वारा जारी किया जाता था ।

**(viii) सनद** :- एक प्रकार की स्वीकृति जिसके द्वारा सम्राट अपने अधीनस्थ राजा को जागीर प्रदान करता था।

**(ix) वाक्या:-** इसमें बादशाह या राजा की व्यक्तिगत एवं राजकार्य संबंधी गतिविधियाँ तथा राज परिवार के सदस्यों की सामाजिक रस्म, व्यवहार, शिष्टाचार आदि का वर्णन होता था ।

**(x) वकील रिपोर्ट** :- मुग़ल राज्यों में राजपूत राज्यों का एक प्रतिनिधि रहता था जिसे वकील कहा जाता था। इन वकील के माध्यम से शासकों को मुग़ल दरबार की गतिविधियों की रिपोर्ट प्राप्त होती थी, जो **वकील रिपोर्ट** के नाम से जानी जाती थी ।

**(xi) अर्जदाश्त** :- प्रजा द्वारा बादशाहों या शाहजादों को लिखा जाने वाला पत्र ।

**(xii) दोवर्की:-** दो परतों वाले दस्तावेज दोवी के नाम से जाने जाते थे। इन परतों में मुख्य रूप से दैनिक प्रशासन, युद्ध संबंधित खर्च, घायलों के उपचार आदि पर प्रकाश डाला जाता था।

**बहियाँ :**

राजपूत राजघरानों में मध्यकाल से शुरू हुई बहियाँ लिखने की परम्परा विवाह संबंधी, सरकारी आदेशों, राजाओं के शासनकाल एवं राजाओं द्वारा जारी आदेशों की जानकारी देती है। बहियों के आधार पर मध्यकालीन राजस्थान के राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन के विषय के संबंध में जानकारी मिलती है।

- **हकीकत बही** में सन् 1857 के भारतीय विद्रोह के संबंधी अंश विद्यमान है।
- **'ओहया बही'** से ज्ञात होता है कि जोधपुर शासकों द्वारा कौन-कौनसे आदेश जारी किए गए थे एवं उस समय कौन-कौनसे अधिकारी व कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त थे।
- फुटकर बही से विभिन्न घटनाओं की जानकारी मिलती है।
- कमठाना बहियों से राजप्रासाद बनाने में खर्च तथा दैनिक मजदूरी आदि के बारे में वर्णन मिलता है ।
- जयपुर के **'तोजी रिकॉर्ड'** में दैनिक व्यय एवं वकील रिपोर्ट से मुग़ल कच्छवाहा तथा मराठा कच्छवाहा संबंधों पर प्रकाश डाला गया है।
- मेवाड़ राज्य के वार्षिक आय-व्यय का ज्ञान जिन अभिलेखों से होता है उन्हें पड़ाखा एवं पक्का खाता के नाम से जाना जाता है। इसमें लगान, शहर पट्टा, जागीर से प्राप्त राशि, प्रशासनिक तंत्र, न्यायपालिका पर होने वाले खर्च आदि का उल्लेख मिलता है।
- सबसे प्राचीन बही राणा राजसिंह (1652 - 1680 ई.) के समय की है।
- बहियों के माध्यम से त्यौहार और उन्हें मनाने की विधि, विवाह आदि अवसरों पर होने वाले खर्चे तथा विभिन्न वस्तुओं के मूल्य का लेखा-जोखा प्राप्त होता है।

**मण्डन के प्रमुख ग्रंथ –**

- वैद्य मण्डन – इस ग्रंथ में व्याधियों, बीमारियों का निदान बताया गया है।
- शकुन मण्डन – शकुन शास्त्र का वर्णन
- कोदेन मण्डन – इस ग्रंथ में धनुर्विद्या के बारे में जानकारी दी गई है।
- प्रासाद मण्डन – इस ग्रंथ में देवालय निर्माण की जानकारी दी गई है।
- राजवल्लभ मण्डन – 14 अध्यायों में विभक्त ग्रंथ इस ग्रंथ से आवासीय भवन एंव राजप्रासादों के निर्माण से संबंधित जानकारी दी गई है।
- रूपमण्डन – 6 अध्यायों में विभक्त है।
- यह ग्रंथ मूर्तिकला से संबंधित है।
- छठे अध्याय में जैन धर्म की मूर्तियों से संबंधित वर्णन है।
- रूपावतर मण्डन (मूर्ति प्रकरण) – मूर्तिकला से संबंधित यह ग्रंथ 8 अध्यायों में विभक्त है।
- वास्तुमण्डन तथा वास्तुकार में वास्तुकला का वर्णन है।
- मण्डन के भाई का नाम नाथा तथा इनके ग्रंथ का नाम वास्तु मंजरी
- मण्डन के पुत्र का नाम गोविंद
- गोविंद के प्रमुख ग्रंथ – कलानिधि, उद्धार धारिणी, द्वारा दीपिका
- राणा कुंभा की हत्या 1468 ई. में मामादेव कुण्ड के पास कुंभलगढ़ (राजसमंद) में पुत्र ऊदा द्वारा की गई।
- इस लिए इतिहास में उदा को मेवाड़ का पितृहन्ता कहते हैं

**Note** – कर्नल जेम्स टॉड ने कहा – कुंभा में लाखा जैसी प्रेम कला एवं हम्मीर जैसी शक्ति थी। जिसने मेवाड़ के झंडे को घग्घर नदी के तट पर फहराया।

**रायमल (1473-1509)**

- राणा रायमल ने लगभग 36 वर्षों (1473-1509 ई.) तक शासन किया। किन्तु उसमें अपने पिता की भांति शूरवीरता एवं कूटनीतिज्ञता का अभाव था। परिणामस्वरूप मेवाड़ के कुछ अधीनस्थ क्षेत्र उसके हाथ से निकल गए। आबू, तारागढ़ और सांभर तो उदा के शासनकाल में ही मेवाड़ से अलग हो चुके थे।
- रायमल ने इन्हें पुनः अधिकृत करने का कोई प्रयास नहीं किया। अब मालवा के सुल्तान ने रणथम्भौर, टोडा और बूँदी को अपने अधिकार में कर लिया। टोडा के शासक राव सुरतान ने मेवाड़ में आश्रय इस आशा से लिया था कि शायद मेवाड़ से उसे सहायता मिल जाए। राव सुरतान के साथ उसकी पुत्री तारा भी थी, जो अद्वितीय सुंदर और वीरांगना थी। राव सुरतान ने प्रतिज्ञा कर रखी थी, कि वह अपनी पुत्री का विवाह उस शूरवीर से करेगा जो टोडा जीतकर उसे वापस दिलाएगा।
- राणा रायमल के द्वितीय पुत्र जयमल ने तारा की सुंदरता पर आसक्त होकर उससे विवाह करने की जिद की तथा राव सुरतान के साथ अत्यंत ही अशिष्ट व्यवहार किया। क्रुद्ध राव सुरतान ने जयमल को मौत के घाट उतार दिया और राणा को सूचित कर दिया। जयमल की मृत्यु के बाद रायमल के ज्येष्ठ पुत्र पृथ्वीराज ने तारा से विवाह करने का निश्चय कर टोडा पर आक्रमण कर जीत लिया।
- कुंवर पृथ्वीराज ने टोडा का राज्य राव सुरतान को सौंप दिया तथा वचनबद्ध राव सुरतान ने तारा का विवाह पृथ्वीराज से कर दिया। राणा रायमल का ज्येष्ठ पुत्र पृथ्वीराज था और जयमल दूसरा साँगा तीसरा पुत्र था। जयमल राव सुरतान के हाथों मारा गया तथा सिरोही लौटते समय रास्ते में अपने बहनोई द्वारा दिए गए विषाक्त लड्डू खाने से पृथ्वीराज की मृत्यु हो गई । इसी प्रकार रायमल के दो ज्येष्ठ पुत्रों का स्वर्गवास हो गया।

**महाराणा साँगा (1509-1528) या राणा साँगा (1509-1528 ईस्वी)**

- प्रारंभिक जीवन : राणा साँगा (महाराणा संग्राम सिंह) (राज 1509-1528) उदयपुर में सिसोदिया राजपूत राजवंश के राजा थे तथा राणा रायमल के सबसे छोटे पुत्र थे।
- मेवाड़ योद्धाओं की भूमि है, यहाँ कई शूरवीरों ने जन्म लिया और अपने कर्तव्य का प्रवाह किया । उन्हीं उत्कृष्ट मणियों में से एक थे राणा साँगा, साँगा का पूरा नाम महाराणा संग्राम सिंह था । वैसे तो मेवाड़ के हर राणा की तरह इनका पूरा जीवन भी युद्ध के इर्द-गिर्द ही बीता लेकिन इनकी कहानी थोड़ी अलग है । एक हाथ, एक आँख, और एक पैर के पूर्णतः क्षतिग्रस्त होने के बावजूद इन्होंने ज़िन्दगी से हार नहीं मानी और कई युद्ध लड़े।
- राणा साँगा अदम्य साहसी थे। इन्होंने सुल्तान मोहम्मद शासक माण्डु को युद्ध में हराने व बन्दी बनाने के बाद उन्हें उनका राज्य पुनः उदारता के साथ सौंप दिया, यह उनकी बहादुरी को दर्शाता है। बचपन से लगाकर मृत्यु तक इनका जीवन युद्धों में बीता। इतिहास में वर्णित है, कि महाराणा संग्राम सिंह की तलवार का वजन 20 किलो था ।
- राणा रायमल के तीनों पुत्रों (कुंवर पृथ्वीराज, जयमल तथा राणा साँगा) में मेवाड़ के सिंहासन के लिए संघर्ष प्रारंभ हो जाता है। एक भविष्यकर्ता के अनुसार साँगा को मेवाड़ का शासक बताया जाता है ऐसी स्थिति में कुंवर पृथ्वीराज व जयमल अपने भाई राणा साँगा को मौत के घाट उतारना चाहते थे, परन्तु साँगा किसी प्रकार यहाँ से बचकर अजमेर पलायन कर जाते हैं तब सन् 1509 में अजमेर के कर्मचन्द पंवार की सहायता से राणा साँगा को मेवाड़ राज्य प्राप्त हुआ। महाराणा साँगा ने सभी राजपूत राज्यों को संगठित किया और सभी राजपूत राज्य को एक छत्र के नीचे लाएं। उन्होंने सभी राजपूत राज्यों से संधि की और इस प्रकार महाराणा साँगा ने अपना साम्राज्य उत्तर में पंजाब सतलज नदी से लेकर दक्षिण में मालवा को जीतकर नर्मदा नदी तक कर दिया। पश्चिम में सिंधु नदी से लेकर पूर्व में बयाना भरतपुर ग्वालियर तक अपना राज्य विस्तार किया इस प्रकार मुस्लिम सुल्तानों की डेढ़ सौ वर्ष की सत्ता के इतने बड़े क्षेत्रफल पर हिंदू साम्राज्य कायम हुआ इतने बड़े क्षेत्र वाला

- आबू पर मूलराज प्रथम के आक्रमण तथा धवल राठौड़ के द्वारा धरणी वराह को शरण देने की बात का उल्लेख हस्तिकुंडी अभिलेख में किया गया है।

**हस्तिकुंडी अभिलेख-**

- हस्तिकुंडी अभिलेख 997 ई. का है।
- हस्तिकुंडी अभिलेख राजस्थान के पाली जिले से प्राप्त हुआ था।
- हस्तिकुंडी अभिलेख धवल राठौड़ का है।

**धन्धुक -**

- धन्धुक आबू का राजा है।
- राजा धन्धुक के समय गुजरात के चालुक्य राजा भीम प्रथम ने आबू पर आक्रमण किया था।
- इस आक्रमण में गुजरात के राजा भीम सिंह के द्वारा आबू पर अधिकार कर लिया जाता है।
- आबू पर अधिकार करने के बाद भीम प्रथम ने विमलशाह को आबू का प्रशासक बना दिया था।
- भीम प्रथम के आक्रमण के समय मालवा के भोज परमार ने धन्धुक को चित्तौड़ में शरण दी थी।
- विमलशाह ने धन्धुक तथा भीम प्रथम के बीच समझौता करवा दिया था।
- धन्धुक की पुत्री लाहिनी देवी (लाहिणी देवी) ने बसन्तगढ़ में सूर्य मंदिर तथा सरस्वती बावड़ी का जीर्णोद्धार करवाया था।
- पुनर्निर्माण को ही जीर्णोद्धार कहा जाता है।
- सरस्वती बावड़ी को लाहिनी बावड़ी (लाहिणी बावड़ी) भी कहा जाता क्योंकि सरस्वती बावड़ी का पुनर्निर्माण लाहिनी देवी के द्वारा करवाया गया था।
- बसन्तगढ़ क्षेत्र राजस्थान के सिरोही जिले में स्थित है।

**देलवाड़ा का ऋषभदेव (आदिनाथ) मंदिर-**

- विमलशाह ने देलवाड़ा में भगवान ऋषभदेव मंदिर का निर्माण करवाया था।
- देलवाड़ा क्षेत्र राजस्थान के सिरोही जिले में स्थित है।
- देलवाड़ा के ऋषभदेव मंदिर को आदिनाथ जैन मंदिर भी कहा जाता है।
- देलवाड़ा के ऋषभदेव मंदिर को विमलवसहि मंदिर भी कहा जाता है क्योंकि देलवाड़ा का ऋषभदेव मंदिर विमलशाह के द्वारा बनवाया गया था।
- कर्नल जेम्स टाड के अनुसार देलवाड़ा का ऋषभदेव मंदिर ताजमहल के बाद भारत की दुसरी सबसे सुन्दर इमारत है।

**धारावर्ष -**

- धारावर्ष एक तीर से तीन भैंसों को बींध देता था।
- धारावर्ष के द्वारा एक तीर से तीन भैंसों को बींध देने की जानकारी पाटनारायण अभिलेख तथा अचलगढ़ किले से मिलती है।
- पाटनारायण अभिलेख 1287 ई. का है।
- पाटनारायण अभिलेख सिरोही से प्राप्त हुआ है।
- अचलगढ़ के किले में धारावर्ष की मूर्ति लगी हुई है जिसमें धारावर्ष के द्वारा एक तीर से तीन भैंसों को बींधते हुए दिखाया गया है।
- अचलगढ़ का किला सिरोही में स्थित है।

**प्रह्लादन देव -**

- प्रह्लादन देव धारावर्ष का छोटा भाई था।
- प्रह्लादन देव ने गुजरात में प्रह्लादन पुर नामक नगर की स्थापना की थी।
- प्रह्लादन देव ने पार्थपराक्रमव्यायोग नामक नाटक लिखा था।
- पृथ्वीराज चौहान के आक्रमण के समय प्रह्लादन देव ने आबू की रक्षा की थी।

**कायन्द्रा का युद्ध (1178 ई.)-**

- कायन्द्रा का युद्ध 1178 ई. का है।
- कायन्द्रा क्षेत्र राजस्थान के सिरोही जिले में स्थित है।
- कायन्द्रा का युद्ध गजनी के शासक मोहम्मद गौरी तथा गुजरात के राजा मूलराज द्वितीय चालुक्य के मध्य हुआ था।
- गुजरात के राजा मूलराज द्वितीय की आयु कम होने के कारण गुजरात के राजा मूलराज की माँ नायिका देवी गुजरात का शासन चलाती थी।
- गुजरात के राजा मूलराज द्वितीय की संरक्षिका उसकी माँ नायिका देवी ही थी।
- कायन्द्रा के युद्ध में नायिका देवी (मूलराज द्वितीय) का साथ देने के लिए नाडौल से कायन्द्रा के युद्ध में नायिका देवी ने मोहम्मद गौरी को हरा दिया था।

**सोम सिंह -**

- वस्तुपाल तथा तेजपाल ने देलवाड़ा (सिरोही) में नेमिनाथ जैन मंदिर का निर्माण करवाया था।
- देलवाड़ा के नेमिनाथ मंदिर का लूणवसहि मंदिर भी कहा जाता है।
- देलवाड़ा के नेमिनाथ मंदिर को देवरानी जेठानी का मंदिर भी कहा जाता है।
- वस्तुपाल तथा तेजपाल दोनों आबू के राजा सोम सिंह के सेनापति थे।

**प्रताप सिंह -**

- प्रताप सिंह ने मेवाड़ के जैत्रसिंह से चन्द्रावती को छीन लिया था।
- प्रताप सिंह के मंत्री देल्हण ने पाटनारायण मंदिर का पुनर्निर्माण (जीर्णोद्धार) करवाया था।

**विक्रम सिंह (Vikram Singh)-**

- विक्रम सिंह के शासन काल में आबू के परमार राजा रावल तथा महारावल की उपाधियां धारण करने लगे थे।
- कालांतर में जालौर के सोनगरा चौहानों ने आबू के परमार राज्य के पश्चिमी भाग पर अधिकार कर लिया था।
- लूम्बा देवड़ा ने परमारों से आबू तथा चन्द्रावती छीनकर सिरोही में चौहान राज्य की स्थापना की थी।

हो गया। स्वयं महाराणा भी इतना असहाय हो गया कि अपने ही सामंतों को नियंत्रण में रखने के लिए उसे महादजी से सहायता की याचना करनी पड़ी । मेवाड़ में व्यवस्था और अनुशासन तो मानों कोसों दूर चले गये थे। सर्वत्र भयंकर अराजकता का शासन स्थापित हो गया। अर्द्ध शताब्दी की इस अराजकता के बाद राजस्थान में अंग्रेजी की सर्वोपरि सत्ता स्थापित होने के बाद इसका अंत हो सका।

**मूल्यांकन**

बूँदी के आंतरिक झगड़े के कारण राजस्थान में मराठों का प्रथम प्रवेश हुआ और फिर प्रतिवर्ष मराठों के निरंतर आक्रमण होने लगे। पेशवा की तरह उसके मराठा सरदार भी अब ऋण भार से दबे जा रहे थे और धन प्राप्त करने के लिये उन्हें राजस्थान के राज्य ही दिखायी देते थे। अतः वे किसी न किसी बहाने इन राज्यों पर आक्रमण कर धन प्राप्त करने को उत्सुक रहते थे। राजस्थानी शासक भी मराठों को येन-केन अपने राज्य से विदा करने हेतु उन्हें धन देने का वायदा कर लेते थे, लेकिन जब वायदे के अनुसार वे मराठों को धन नहीं देते तब वसूल करने के लिये मराठा उन पर सैनिक दबाव डालते। राजपूत शासक भी टालमटूल की नीति अपनाते रहे और अधिक दबाव पड़ने पर थोड़ा बहुत देकर उन्हें समझा बुझा दिया जाता। दिनों दिन राजपूत शासकों की बिगड़ती हुई आर्थिक स्थिति के कारण इस नीति का अवलंबन करने के अलावा इन राज्यों के पास कोई अन्य विकल्प नहीं था। धीरे-धीरे समस्त राजस्थान पर मराठों का एकाधिपत्य स्थापित हो गया। रागरंग में डूबे, मदिरा की मस्ती में चूर, अफीम की पिनक में पड़े राजस्थान के सभी शासक कूप मंडूक बने हुए थे। विदेश की बात तो दूर रही, देश और प्रान्त की बदलती हुई राजनीति से भी वे सर्वथा अनभिज्ञ थे। यूरोपीय सेनानायकों द्वारा प्रशिक्षित सेनाओं की सफलता देखकर भी राजस्थानी शासकों ने अपनी सेना में समयानुकूल परिवर्तन करना आवश्यक नहीं समझा। अतः आक्रमणकारी एवं लुटेरे मराठों का सामना करने का किसी में साहस नहीं रहा। राजस्थान में मराठों की निरंतर विजयों से राजपूतों के आत्म गौरव व प्रतिष्ठा को भारी ठेस पहुँची, जिससे राजपूतों के मन में मराठों के प्रति तीव्र कटुता भर गयी। मराठों को किसी तरह नीचा दिखाने हेतु उन्होंने उचित व अनुचित कार्य किये, किन्तु उसके भावी दुष्परिणामों की उपेक्षा की। फलस्वरूप राजस्थान का शोचनीय पतन हुआ।

## अध्याय - 4

## आधुनिक राजस्थान

- 1707 ई. में औरंगजेब की मृत्यु के साथ ही राजपूत राज्यों पर मुग़ल केन्द्रीय सत्ता का नियंत्रण ढीला पड़ गया।
- सभी राजपूत राज्य अपने राज्य का विस्तार करने तथा पड़ौसी राज्य पर राजनैतिक वर्चस्व स्थापित कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने के प्रयत्न में लग गए।
- इस प्रकार के प्रयत्नों के फलस्वरूप राजपूत राज्यों में पारस्परिक संघर्ष बढ़ गये।
- शासकों ने पारस्परिक संघर्षों में सहायता प्राप्त करने के लिए बाहरी ताकतों (मराठा, अंग्रेज, होल्कर आदि) का सहारा लेने लगे।
- जब राज्यों में उत्तराधिकार संघर्ष में मराठों का हस्तक्षेप हुआ तो राजपूताना के शासकों ने मराठा के विरुद्ध ईस्ट इण्डिया कम्पनी से सहायता माँगी लेकिन अंग्रेजों ने इन प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया क्योंकि उस समय अंग्रेजों की नीति राजपूताना के लिए मराठों से युद्ध करने की नहीं थी।
- भारत में ईस्ट इण्डिया कम्पनी का आगमन 1600 ई. में हुआ था।
- 1757 ई. में प्लासी युद्ध के पश्चात् ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने पहली बार भारत में बंगाल में) राजनीतिक सत्ता प्राप्त की।
- रॉबर्ट क्लाइव सन् 1757 में बंगाल का प्रथम गवर्नर बना।
- 1764 ई. के बक्सर युद्ध के पश्चात् हुई इलाहाबाद संधि ने कम्पनी को भारत में पूर्णतः राजनीतिक शक्ति प्रदान की।
- वारेन हेस्टिंग्स 1772 ई. में बंगाल के प्रथम गवर्नर जनरल बने।
- वारेन हेस्टिंग्स ने सुरक्षा घेरे की नीति (पॉलिसी ऑफ रिंग फेंस) को अपनाया जिसके अनुसार कम्पनी द्वारा अपने अधिकृत प्रदेशों को शत्रुओं से सुरक्षा के लिए पड़ौसी राज्यों के साथ मैत्री संधि कर उन्हें बफर राज्यों के रूप में प्रयुक्त किया जाता था।
- लॉर्ड कार्नवालिस ने भारतीय शासकों के मामलों में अहस्तक्षेप की नीति अपनाई ।
- 1798 ई. में लॉर्ड वेलेजली ने देशी राज्यों के साथ सहायक संधि की नीति अपनाई।
- इस नीति के तहत देशी राज्यों की आंतरिक सुरक्षा व विदेशी नीति का उत्तरदायित्व अंग्रेजों पर था जिसका खर्च संबंधित राज्य को उठाना पड़ता था।
- कम्पनी इस हेतु उस राज्य में एक अंग्रेज रेजीडेन्ट की नियुक्ति करती थी एवं सुरक्षा हेतु उस देशी राज्य के खर्च पर अपनी सेना रखती थी।
- भारत में प्रथम सहायक संधि 1798 ई. में हैदराबाद के निजाम के साथ की गई।

| राजस्थान की रियासतें और ब्रिटिश संधियां | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **संधिकर्त्ता राज्य** | **संधि के समय शासक** | **संधि की तिथि** | **अंग्रेज कम्पनी को दी जाने वाली खिराज राशि** |
| 1. | करौली | हरबक्षपालसिंह | 9 नवम्बर, 1817 | खिराज से मुक्त |
| 2. | टोंक | अमीर खाँ | 15 नवम्बर, 1817 | - |
| 3. | कोटा | उम्मेद सिंह | 26 दिसम्बर, 1817 | 2,44,700 रु. |
| 4. | जोधपुर | मानसिंह | 6 जनवरी, 1818 | 1,08,000 रु. |
| 5. | उदयपुर | भीमसिंह | 22 जनवरी, 1818 | राज्य की आय का 1/4 भाग |
| 6. | बूँदी | विसनसिंह | 10 फरवरी, 1818 | 80,000 रु. |
| 7. | बीकानेर | सूरतसिंह | 21 मार्च, 1818 | मराठों को खिराज नहीं देता था, इसलिए खिराज से मुक्त |
| 8. | किशनगढ़ | कल्याणसिंह | 7 अप्रैल , 1818 | खिराज से मुक्त |
| 9. | जयपुर | जगतसिंह | 15 अप्रैल , 1818 | संधि के प्रथम वर्ष कुछ नहीं, दूसरे वर्ष 4 लाख, चौथे वर्ष 6 लाख, पाँचवें वर्ष 7 लाख, छठें वर्ष 8 लाख फिर 8 लाख निश्चित। |
| 10. | जैसलमेर | मूलराज | 2 जनवरी, 1819 | मराठों को खिराज नहीं देता था, अतः खिराज से मुक्त। |
| 11. | प्रतापगढ़ | सामन्तसिंह | 5 अक्टूबर, 1818 | धार राज्य को दिया जाने वाला खिराज अब कम्पनी को। |
| 12. | डूंगरपुर | जसवन्त सिंह द्वितीय | 1818 ई. | धार राज्य को दिया जाने वाला खिराज अब कम्पनी को। |
| 13. | बाँसवाड़ा | उम्मेदसिंह | 25 दिसम्बर, 1818 | धार राज्य को दिया जाने वाला खिराज अब कम्पनी को। |
| 14. | सिरोही | शिवसिंह | 11 सितम्बर, 1823 | संधि के तीन वर्ष तक खिराज से मुक्त उसके बाद आय के प्रति रुपये पर छः आना। |
| 15. | झालावाड़ | मदनसिंह | 10 अप्रैल, 1838 | 80,000 रु. वार्षिक। |

**प्रश्न- राजपूताना की निम्नलिखित रियासतों ने 1817-1818 ई. में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ संधि पर हस्ताक्षर किये -**

**(1) कोटा (2) जोधपुर**

**(3) करौली (4) उदयपुर**

**निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम, कालाक्रमानुसार सही है ?**

**(a) (1), (2), (3), (4)**

**(b) (3), (4), (1), (2)**

**(c) (4), (1), (2), (3)**

**(d) (3), (1), (2), (4) (d)**

- अगस्त 1803 ई. में आंग्ल-मराठा के द्वितीय युद्ध में मराठों की पराजय के पश्चात् मराठा पेशवा दौलतराव द्वारा 30 दिसम्बर, 1803 को अंग्रेजों के साथ सुर्जीअर्जन गाँव संधि कर जयपुर एवं जोधपुर राज्यों को अंग्रेजों को सौंप दिया।
- राजस्थान में सर्वप्रथम भरतपुर राज्य के महाराजा रणजीतसिंह के साथ 29 सितम्बर 1803 को लॉर्ड वेलेजली ने सहायक संधि की।
- आपसी अविश्वास के कारण यह संधि क्रियान्वित न हो पायी। इससे रुष्ट होकर लॉर्ड लेक के नेतृत्व में अंग्रेजों ने 5 बार भयंकर आक्रमण किये लेकिन अंग्रेज भरतपुर को जीतने में असफल रहे एवं अप्रैल 1805 में नई संधि हुई जिसमें भरतपुर की पूर्व की स्थिति रखी गई, भरतपुर राज्य की सीमा एवं क्षेत्रफल में कोई परिवर्तन नहीं किया गया तथा भरतपुर को डीग (वर्तमान डीग जिला) क्षेत्र लौटा दिया गया।
- अलवर प्रथम राज्य था जिसने ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ विस्तृत रक्षात्मक एवं आक्रामक संधि की थी।
- अंग्रेजों द्वारा जयपुर के महाराजा जगतसिंह द्वितीय के साथ 12 दिसम्बर, 1803 को संधि की गई।
- 1805 ई. में यह संधि भंग कर दी गई लेकिन मराठा सरदार एवं पिंडारियों के आतंक ने जयपुर-अंग्रेजों को पुनः संधि करने के लिए बाध्य कर दिया।
- 2 अप्रैल, 1818 को ईस्ट इण्डिया कम्पनी एवं जयपुर राज्य के मध्य पुनः संधि हुई।
- जोधपुर शासक भीमसिंह के समय जोधपुर राज्य के साथ 22 दिसम्बर, 1803 को संधि की गई। इस संधि की प्रमुख शर्तें एक-दूसरे को सहायता देने, परस्पर मित्रता बनाए रखने की थी ।
- खिराज नहीं देने एवं जोधपुर राज्य में किसी फ्रांसीसी को नौकरी नहीं देने अथवा देने से पूर्व कम्पनी से सलाह मशविरा करना आदि थी।
- 1813 ई. में लॉर्ड हेस्टिंग्स के गवर्नर जनरल बनने के बाद कम्पनी सरकार की नीति में परिवर्तन आया।
- लॉर्ड हेस्टिंग्स ने घेरे की नीति के स्थान पर अधीनस्थ पार्थक्य की नीति को क्रियान्वित किया।

**1817-18 की अधीनस्थ संधि**

- 1818 ई. में राजपूत राज्यों के साथ संधियाँ करने के लिए लॉर्ड हेस्टिंग्स ने दिल्ली रेजीडेन्ट चार्ल्स मेटकॉफ को कार्य सौंपा। मेटकॉफ ने राज्य के प्रतिनिधियों से बातचीत कर संधि पत्र तैयार किये।
- सन् 1811 में चार्ल्स मेटकॉफ ने राजस्थान के राजपूत शासकों का एक परिसंघ बनाने का सुझाव दिया जो ब्रिटिश संरक्षण में कार्य करे।
- राजस्थान में अधीनस्थ पार्थक्य की नीति (1818 की संधि) को स्वीकार करने वाली पहली रियासत - करौली।
- (9 नवम्बर 1817) अधीनस्थ पार्थक्य संधि स्वीकार करने के समय करौली का शासक- हरबक्षपाल सिंह थे ।
- अधीनस्थ पार्थक्य की संधि को स्वीकार करने वाला अंतिम राज्य - सिरोही (11 सितम्बर 1823) यहाँ के शासक महाराजा शिव सिंह थे।

**प्रश्न- निम्नलिखित में से किसने राजपूताना की देशी रियासतों के साथ 1817-18 की अधीनस्थ संधि की बातचीत की थी ?**

**(1) डेविड ऑक्टरलोनी**

**(2) चार्ल्स मैटकॉफ**

**(3) आर्थर वेलेजली**

**(4) जॉन जॉर्ज Ans. 2**

**अधीनस्थ पार्थक्य संधि (1818) की शर्तें**

